बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी.आर. 147/2020

इण्टरमीडिएट कक्षा, सत्र 2020–2022 में नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन के लिए तिथि पुनर्निर्धारित करते हुए दिनांक – 08.07.2020 से 17.07.2020 तक विद्यार्थियों को ऑनलाईन आवेदन का अवसर देने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा राज्य के उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त सभी सरकारी/गैर सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय/इंटर महाविद्यालय/गैर सरकारी डिग्री महाविद्यालय/अंगीभूत डिग्री महाविद्यालय में नामांकन लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि **Online Facilitation System for Students (OFSS) सॉफ्टवेयर के माध्यम से इण्टरमीडिएट कक्षा में केन्द्रीय/राज्य बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक अथवा समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन करने के लिए दिनांक– 01.07.2020 से 10.07.2020 तक तिथि निर्धारित की गयी थी, जिसे अपरिहार्य कारणवश दिनांक– 08.07.2020 से 17.07.2020 तक पुनर्निर्धारित किया जाता है। अतः इण्टरमीडिएट कक्षा में नामांकन लेने के इच्छुक आवेदक अब दिनांक– 08.07.2020 से 17.07.2020 के बीच ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करेंगे।**

2. साथ ही, इण्टरमीडिएट कक्षा में नामांकन लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि वे सामान्य आवेदन प्रपत्र (Common Application Form) एवं सामान्य सूची पत्र (Common Prospectus) को ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें, ताकि आवेदन देने के क्रम में उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो। सामान्य आवेदन प्रपत्र एवं सामान्य सूची पत्र समिति के वेबसाइट **www.ofssbihar.in** पर दिनांक– 29.06.2020 के अपराह्न 03:00 बजे से उपलब्ध है। सामान्य सूची पत्र में विस्तृत जानकारी है। इसे ध्यानपूर्वक पढ़ने से इण्टरमिडिएट कक्षा में नामांकन लेने के इच्छुक आवेदकों को Online Facilitation System for Students (OFSS) के तहत आवेदन करने की प्रक्रिया, चयन की प्रक्रिया, आवेदकों को नामांकन के लिए चुने जाने पर उन्हें सूचना देने की प्रक्रिया, आरक्षण तथा अन्य के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी मिलेगी। उन्हें यह भी सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त सभी सरकारी/गैर सरकारी डिग्री महाविद्यालय/अंगीभूत डिग्री महाविद्यालय में नामांकन हेतु OFSS के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन ही दिया जाना है, अर्थात् किसी भी स्थिति में ऑफलाईन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

3. एक मोबाइल नम्बर एवं एक ई–मेल आई0डी0 का इस्तेमाल मात्र एक आवेदन भरने के लिए ही किया जाएगा।

4. ऑनलाईन नामांकन के लिये बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा एक मोबाइल एप तैयार किया गया है, जो कि **Google Play Store** पर **OFSS** नाम से उपलब्ध है। इस एप का इस्तेमाल केवल **Android Smart Phone** पर ही किया जा सकता है। इसके इस्तेमाल से आवेदक अपने दिये गये आवेदन से संबंधित सूचनाओं एवं जानकारियों को प्राप्त कर सकते है। इस एप का इस्तेमाल आवेदन भरने के लिये नहीं किया जा सकता है।

5. सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** भरने से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी अथवा समस्याओं के त्वरित निदान के लिये हेल्प सेंटर नम्बर **0612–2230009** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

संयुक्त सचिव (OFSS)